**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 18.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल 'स्पाइस प्रवाह 2.0' के दूसरे चरण का शुभारंभ किया।
2. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने नागरिकों से 'नशा मुक्ति मित्र' के रूप में पंजीकरण करने की अपील की है।
3. उन्नत कार्प प्रजनन एवं मत्स्य बीज उत्पादन तकनीकों के प्रसार के लिए 25 जून को मत्स्य हैचरी इकाई में फील्ड डे का आयोजन किया जाएगा।
4. जहाज यात्रियों की मासिक पास नवीनीकरण और दैनिक टिकट बुकिंग के लिए ऑनलाइन सुविधा लागू की गई है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल छोलदारी में 'स्पाइस प्रवाह 2.0' के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर का भी उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग, कृषि सचिव पल्लवी सरकार और कृषि निदेशक देबब्रत बसंतिया सहित पंचायत प्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान उपस्थित थे। इस अभियान का लक्ष्य द्वीपों में मसालों की खेती का विस्तार करना और सतत कृषि विकास को बढ़ावा देना है। इस मिशन के तहत पांच उच्च मूल्य वाली मसाला फसलों की खेती के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि इस मिशन का लक्ष्य द्वीपसमूह को वर्ष 2030 तक एक प्रमुख मसाला उत्पादक क्षेत्र में बदलना है। इसके तहत स्थानीय स्तर पर उगाए जाने वाले मसालों की ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन और विपणन के लिए "द्वीप सुगंध" ब्रांड को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग द्वारा तैयार की गई "स्पाइस प्रवाह पुस्तिका और खेती मार्गदर्शिका" का विमोचन किया। साथ ही किसानों को किराए पर आधुनिक कृषि मशीनरी और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 'कस्टम हायरिंग सेंटर' की शुरुआत की गई, जिससे खेती की लागत कम होगी। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा, द्वीपों के विभिन्न क्षेत्रों में भी इस अभियान की शुरुआत की गई है।

<><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत देश के युवाओं, छात्रों, स्वयंसेवकों और आम नागरिकों से 'नशा मुक्ति मित्र' के रूप में पंजीकरण करने की अपील की है। इस पहल का उद्देश्य एक नशा मुक्त भारत के निर्माण में लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इच्छुक नागरिक आधिकारिक पोस्टर में दिए गए क्यू आर कोड को स्कैन कर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के पूरा होने पर, प्रतिभागियों को इस सामाजिक कार्य में उनके योगदान को मान्यता देने के लिए एक प्रमाणपत्र और बैज भी प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><>

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई ऐतिहासिक पहल की हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण क्षण जनवरी 2024 में आया, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की। पारंपरिक नागर शैली में निर्मित यह मंदिर आस्था, श्रद्धा और भारत की स्थापत्य कला की उत्कृष्टता का प्रतीक है। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना के प्रथम चरण को अक्टूबर 2022 में राष्ट्र को समर्पित किया गया। भव्य कॉरिडोर में भगवान शिव से जुड़ी कथाओं को दर्शाने वाली आकर्षक मूर्तियां, भित्ति चित्र और स्थापत्य कला के अद्भुत उदाहरण देखने को मिलते हैं। वहीं, वाराणसी में दिसंबर 2021 में समर्पित काशी विश्वनाथ कॉरिडोर ने तीर्थयात्रियों के अनुभव को पूरी तरह बदल दिया है। यह परियोजना काशी विश्वनाथ मंदिर को सीधे गंगा नदी से जोड़ती है।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से मानव विज्ञान सर्वेक्षण विभाग में "चलचित्र अण्डमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल" का आयोजन कर रहा है। यह फिल्म महोत्सव 21 जून तक चलेगा।  इसी कड़ी में 19 जून शाम साढ़े पांच बजे से रुदाली, 20 जून सुबह 11 बजे से अगंतुक और शाम साढ़े पांच बजे से सरदार उधम का प्रदर्शन किया जाएगा।

<><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के मत्स्य विज्ञान प्रभाग ने भारतीय प्रमुख कार्प मछलियों के प्रेरित प्रजनन कार्यक्रमों की एक श्रृंखला को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 6 लाख निषेचित अंडों एवं कार्प स्पॉन का उत्पादन किया गया है, जिन्हें द्वीपों के मत्स्य किसानों को वितरित

किया जाएगा। क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने बताया कि ये मत्स्य प्रजनन पहलें संस्थान के उन सतत प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज एवं रोपण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एम. मुरुगानंदम ने कहा कि उन्नत कार्प प्रजनन एवं मत्स्य बीज उत्पादन तकनीकों के प्रसार तथा मत्स्य बीज आपूर्ति एवं मत्स्य उत्पादन को गति देने के लिए 25 जून को गाराचरमा अनुसंधान फार्म के मत्स्य हैचरी इकाई में फील्ड डे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रेरित कार्प प्रजनन, हैचरी प्रबंधन, नर्सरी पालन तथा वैज्ञानिक मत्स्य बीज उत्पादन तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। विभाग ने सभी इच्छुक किसानों, उद्यमियों, हितधारकों, विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं से इन पहलों का लाभ उठाने को कहा है।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से जहाज यात्रियों की मासिक पास नवीनीकरण और दैनिक टिकट बुकिंग के लिए ऑनलाइन सुविधा लागू कर दी गई है। इस डिजिटल पहल से यात्री अपने घर या कार्यस्थल से टिकट सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। अब तक कुल 11,126 मासिक पास नवीनीकरण ऑनलाइन माध्यम से किए जा चुके हैं। इसके अलावा ई–टिकटिंग पोर्टल पर ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा भी जारी है। यात्रियों की सुविधा के लिए, सीधे पोर्टल से जोड़ने वाला क्यू आर कोड भी उपलब्ध है।

<><><><><><>

समग्र क्षेत्रीय केन्द्र ने कल कार्यालय परिसर में अग्नि एवं आपातकालीन सेवा के सहयोग से अग्नि एवं सुरक्षा जागरूकता और प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आग से बचाव, आपातकालीन तैयारियों और आग से जुड़ी आपात स्थितियों के दौरान उचित प्रतिक्रिया देने के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर गाराचरमा अग्निशमन केन्द्र के सब–इंस्पेक्टर इक़्तेदार बक्स और सब–इंस्पेक्टर इस्माइल ने प्रदर्शन सत्र का संचालन किया। सीआरसी की निदेशक सुमितामोल ने शैक्षणिक और पुनर्वास संस्थानों में सुरक्षा जागरूकता और तत्परता के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><>

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत समग्र क्षेत्रीय केंद्र ने आयुष विभाग के सहयोग से कल ''स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग'' विषय के साथ

'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाया। इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों, उनके अभिभावकों, देखभाल करने वालों, कार्यालय सदस्यों और इंटर्न ने भाग लिया।इस अवसर पर सी.आर.सी. की निदेशक सुमितामोल ने शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक कल्याण, भावनात्मक लचीलेपन और सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजनों के समग्र स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए योग को जीवन शैली के रूप में अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

सामुदायिक स्तर पर स्वस्थ जीवन शैली और पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कल आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हैडो में ए.एन.एम. ट्रेनिंग स्कूल के छात्रों द्वारा "हर उम्र के लिए पोषण" विषय पर 'स्वस्थ भोजन प्रदर्शन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संतुलित पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, विभिन्न आयु समूहों के लिए उपयुक्त पौष्टिक खाद्य पदार्थों को बनाने और उनके उपयोग और नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया।

<><><><><><><>